प्रेस नोट सं0-09
दिनांक- 09.08.2025
सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस
थाना जामो पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल चाकू बरामद ।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 08.08.2025 को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना जामो पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 174/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना जामो जनपद अमेठी में वांछित मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त राम बहादुर पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम पूरे चितई थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल सं0 यूपी 36 ए 0131 के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 05.08.2025 को शराब खरीदने व पीने की बात को लेकर राजेश कुमार पुत्र स्व0 जगमोहन से उसका विवाद हुआ था। जिसमें राजेश कुमार ने उसे मारा था, उसके बाद जब वह अपने घर जाने लगा तो राजेश कुमार ने रास्ते में फिर से उसकी मोटरसाइकिल पर ईट से मारते हुये बेइज्जती की थी। उसने दिनांक 08.08.2025 की सुबह राजेश कुमार को चौराहे की तरफ पैदल जाते देखा तो बेइज्जती का बदला लेने के लिये वह घर से मछली काटने वाला चाकू ले आया और अपनी मोटरसाइकिल नं0 यूपी 36 ए 0131 से चितई चौराहा के पास बैठकर राजेश कुमार के वापस आने का इंतजार करने लगा। जब राजेश कुमार वापस आया तो पीछे से जाकर चाकू मार कर वहां से इसी बरामद मोटरसाइकिल से भाग गया था। अभियुक्त की निशानदेही पर 01 अदद चाकू आलाकत्ल चितई रोड के किनारे पानी से बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

- राम बहादुर पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम पूरे चितई थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष।

बरामदगी-

- 01 अदद चाकू (आलाकत्ल)

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 174/25 धारा 103(1) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना जामो जनपद अमेठी।
- मोटरसाइकिल सं0 यूपी 36 ए 0131 (धारा 207 एमवी एक्ट)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री विनोद कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक जामो जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 दिवाकर थाना जामो जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 गोपाल मणि मिश्र थाना जामो जनपद अमेठी।
4. हे0का0 सोनू वर्मा थाना जामो जनपद अमेठी।
5. का0 अनुज गुप्ता थाना जामो जनपद अमेठी।
6. का0 जसपाल थाना जामो जनपद अमेठी।